Code No. **61/1/2**
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 8 printed pages + 2 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 23 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 8 + 2 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 23 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

HISTORY
इतिहास

Time allowed : 3 Hours *Maximum Marks : 100*
निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

General Instructions :

*(i) Answer **all** the questions. Marks are indicated against each question.*

*(ii) Answers to questions carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*

*(iii) Answers to questions carrying **5** marks should not exceed **100** words each.*

*(iv) Answers to questions carrying **8** marks should not exceed **250** words each.*

(v) Attach the maps with the answer scripts.

सामान्य निर्देश :

*(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं।*

*(ii) **2** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक न हो।*

*(iii) **5** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हो।*

*(iv) **8** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो।*

(v) मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

MODERN INDIA

आधुनिक भारत

1. State two objectives of the Wavel Plan (1945). **2**

वेवल योजना (1945) के दो उद्देश्य बताइए।

2. Mention the name of the magazine published by Devendranath Tagore in the 19th Century and mention its main aim. **2**

देवेन्द्रनाथ टैगोर द्वारा उन्नीसवीं शताब्दी में प्रकाशित पत्रिका का नाम व मुख्य उद्देश्य का उल्लेख कीजिए।

3. Mention two objectives of A. O. Hume behind founding the Indian National Congress. **2**

भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना के पीछे ए.ओ. ह्यूम के दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

4. In what way the Savarkar brothers had been infused with a sense of patriotism since their childhood ? Explain with examples. **5**

OR

Examine the programme and the course of action of the Gadar-party. Give reasons for its failure to achieve its objectives.

किस प्रकार से सावरकर बन्धुओं को बाल्यकाल से ही देशभक्ति के संस्कार मिले थे ? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

अथवा

गदर पार्टी की योजना एवं उसकी गति विधियों की समीक्षा कीजिये। अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में इस पार्टी के विफल होने के कारण बताइये।

5. Explain how the Pitt's India Act of 1784 removed the short-comings of the Regulating Act of 1773. **5**

OR

Explain briefly the Concept of Equality before law. Was it applied in its true sense in India ? If not, give two examples to support your answer.

1784 के पिट्स इंडिया एक्ट ने किस प्रकार 1773 के रेगुलेटिंग एक्ट की कमियों को दूर किया ? व्याख्या कीजिए।

अथवा

'कानून के सामने सब बराबर' की अवधारणा की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। क्या यह वास्तव में भारत में लागू किया गया ? यदि नहीं, तो अपने उत्तर के समर्थन में दो उदाहरण दीजिए।

6. Describe briefly the position of women during 18th Century India. **5**

OR

Describe briefly the contributions of Balaji Vishwanath (1713 -1720) in expanding the Maratha Empire.

अठारहवीं शताब्दी के भारत में स्त्रियों की दशा का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

अथवा

मराठा साम्राज्य के विस्तार में बालाजी विश्वनाथ (1713-1720) के योगदान को संक्षेप में बताइए।

7. How did the Revolt of 1857 intensify the feelings of racialism among the British against the Indians ? Explain with examples. **5**

OR

How did Bhai Ram Singh try to improve the life of his followers in Punjab (Kuka movement) ? Explain briefly any five ways.

1857 के विद्रोह ने भारतीयों के विरुद्ध अंग्रेजों की नस्लीय भेदभाव की नीति को कैसे बढ़ावा दिया ? सोदाहरण व्याख्या कीजिए।

अथवा

पंजाब में (कूका आन्दोलन) भाई राम सिंह ने अपने अनुयायियों के जीवन को किस प्रकार सुधारा ? किन्हीं पाँच तरीकों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

8. Explain briefly any **five** political causes of the Revolt of 1857. **5**

OR

Explain how the Revolt of 1857 was the first war for national independence.

1857 के विद्रोह के कोई **पाँच** राजनीतिक कारणों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

अथवा

1857 का विद्रोह राष्ट्रीय स्वतन्त्रता का प्रथम युद्ध कैसे था ? व्याख्या कीजिए।

9. Describe the provisions of the Rowlatt Act of 1919 and the reaction of the people thereto. **8**

OR

Describe the role of the Swaraj Party in the Legislative Council and in the Provincial Legislatures.

1919 के रॉलेट एक्ट की धाराओं का वर्णन करिए तथा यह भी बताइए कि उसके प्रति लोगों की क्या प्रतिक्रिया थी ?

अथवा

विधान परिषदों में तथा प्रान्तीय विधान सभाओं में स्वराज पार्टी की भूमिका का वर्णन कीजिए।

10. Explain the far reaching consequences of the Partition of Bengal. How did the Indians react to it ? **8**

OR

Examine the developments leading to the formation of the Lukhnow Pact and explain its results.

बंगाल विभाजन के दूरगामी परिणामों की व्याख्या कीजिए। भारतीयों की इसके प्रति क्या प्रतिक्रिया थी?

अथवा

लखनऊ समझौते के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों की समीक्षा कीजिए तथा इसके परिणामों की व्याख्या कीजिए।

11. Evaluate the contribution of Subhash Chandra Bose in the Freedom Struggle of India. **8**

OR

Read the following extract taken from the letter written to Churchill, carefully and answer the questions that follow :

"I am engaged here in confronting by far the most serious rebellion since that of 1857, the gravity and extent of which we have had so far concealed from the world for reasons of military security. On account of this movement, a generation of leadership came to the force in the country and people's confidence to struggle further increased."

(i) Name the Viceroy who wrote this letter to Churchill. **1**

(ii) In what context this letter was written ? **1**

(iii) Explain two main developments of this movement which compelled the British to leave India. **2**

(iv) Why was this movement called a serious rebellion ? **4**

भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में सुभाष चन्द्र बोस के योगदान का मूल्यांकन कीजिए।

अथवा

1857 के विद्रोह के पश्चात् चर्चिल को लिखे गये पत्र में दिये गए निम्नलिखित कथन को ध्यानपूर्वक पढ़िए और फिर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

''मैं यहाँ 1857 के विद्रोह के बाद बहुत गंभीर विद्रोह से जूझ रहा हूँ, इसकी गहनता और विस्तार को मैंने सैनिक सुरक्षा की दृष्टि से विश्व से अब तक छिपाया है। इस आन्दोलन से देश में नेतृत्व की एक नई पीढ़ी आगे आई और लोगों में संघर्ष करने की हिम्मत और शक्ति बढ़ गई।''

(i) उस वायसराय का नाम बताइये जिसने यह पत्र चर्चिल को लिखा था।

(ii) यह पत्र किस संदर्भ में लिखा गया ?

(iii) इस आन्दोलन की दो प्रमुख घटनाओं की व्याख्या कीजिए जिन्होंने अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए बाध्य किया।

(iv) इस आंदोलन को सबसे गंभीर विद्रोह क्यों कहा गया था ?

12. On the given political outline map of **India** locate and label any five centres of the Revolt of 1857 in Northern India. **5**

OR

On the given political outline map of **India** locate and label any five venues of the Indian National Congress Sessions in the Freedom Struggle of India from 1919 to 1929.

दिए गए **भारत** के राजनैतिक रेखा मानचित्र पर उत्तर भारत में 1857 के विद्रोह के कोई भी पाँच केन्द्र दर्शाइए और नामांकित कीजिए।

अथवा

दिए गए **भारत** के राजनैतिक रेखा मानचित्र पर भारत के स्वतंत्रता संघर्ष से सम्बन्धित भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अधिवेशनों के 1919 से 1929 तक पाँच स्थल दर्शाइए और नामांकित कीजिए।

Note : The following question is only for the Blind Candidates in lieu of Q. No. 12.

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 12 के स्थान पर है।

Name **five** centres of the Revolt of 1857 in Northern India.

OR

Name any five venues of the Indian National Congress sessions in the freedom struggle of India from 1919 to 1929.

उत्तर भारत में 1857 के विद्रोह के कोई **पाँच** केन्द्रों के नाम लिखिए।

अथवा

भारत के स्वतन्त्रता संघर्ष से संबंधित भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के 1919 से 1929 तक के अधिवेशनों के पाँच स्थलों के नाम लिखिए।

CONTEMPORARY WORLD HISTORY

समसामयिक विश्व इतिहास

13. Examine briefly two common characteristics of the literature of Aurobindo and Rabindra Nath Tagore. **2**

अरविन्द तथा रवीन्द्र नाथ टैगोर के साहित्य की दो सामान्य विशेषताओं की संक्षेप में समीक्षा कीजिए।

14. Mention two examples of the policy of appeasement adopted by Britain and France towards Germany before the Second World War. **2**

द्वितीय विश्व युद्ध के शुरू होने से पहले ब्रिटेन और फ्रांस की जर्मनी के प्रति तुष्टीकरण की नीति के दो उदाहरणों का उल्लेख कीजिए।

15. How was the State of Israel formed in 1947 ? **2**

1947 में इज़राइल की स्थापना किस प्रकार हुई ?

16. Mention four main organs of the League of Nations. **2**

राष्ट्रसंघ के चार मुख्य अंगों का उल्लेख कीजिए।

17. Mention any two steps taken by the Southern Christian Leadership Council against the segregation and discrimination towards the Blacks in U. S. **2**

अमेरिका में अश्वेतों के प्रति भेदभाव तथा अलगाव बरतने के विरुद्ध सदर्न क्रिश्चियन लीडरशीप काउन्सिल द्वारा किये गये दो कार्यों का उल्लेख कीजिए।

18. How did Munshi Prem Chand use his novels as a medium of social change ? Give two examples. **2**

मुंशी प्रेमचन्द ने किस प्रकार अपने उपन्यासों को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाया ? दो उदाहरण दीजिए।

19. Explain how the European Colonial Rule in Africa was one of the ugliest chapters in World history. **5**

OR

One of the flaws of Nkrumah's administration in Ghana was the over-centralisation of authority which led to his downfall. Explain.

अफ्रीका में यूरोपीय उपनिवेशीय शासन विश्व इतिहास के सर्वाधिक वीभत्स अध्यायों में से एक है। व्याख्या कीजिए।

अथवा

घाना में नक्रुमाह की शासन व्यवस्था के दोषों में से एक दोष उसकी सत्ता का अति-केन्द्रीयकरण होना था जिसके फलस्वरूप उसका पतन हुआ। व्याख्या कीजिए।

20. Explain the objectives and programmes of the New Deal started by the U. S. President Roosevelt. **5**

OR

Explain any two main problems faced by Weimar Republic of Germany from the very beginning ?

अमेरिका के राष्ट्रपति रुज़वैल्ट द्वारा चलाए गए न्यू डील कार्यक्रम के उद्देश्य और कार्यक्रमों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

जर्मनी की वाइमार रिपब्लिक को प्रारंभ से ही जिन समस्याओं का सामना करना पड़ा उनमें से कोई भी दो मुख्य समस्याओं का वर्णन कीजिए।

21. State the terms agreed upon, under the Anglo-Russian Convention signed on 31st August 1907. **5**

OR

Describe briefly five terms of the Treaty of Versailles, signed between Allies and Germany.

31 अगस्त 1907 में हुए ऐंग्लो-रूसी सम्मेलन में सहमति प्राप्त शर्तों को बताइए।

अथवा

मित्र राष्ट्र (एलीज) तथा जर्मनी के बीच हुई वर्साय की संधि की पाँच शर्तों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

22. Explain the causes of the Second World War. **8**

OR

Explain the efforts made in the direction of disarmament and arms control.

द्वितीय विश्व युद्ध के कारणों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

निःशस्त्रीकरण तथा शस्त्र नियंत्रण की दिशा में किये गए प्रयासों की व्याख्या कीजिए।

23. On the given outline map of **Europe,** mark and label three Neutral and two Allies of the Central power. **5**

OR

Mark and label two countries of the Central powers and three countries of Triple Entente.

दिये हुए **यूरोप** के मानचित्र पर निम्नलिखित दर्शाइए :

तीन तटस्थ देश व केन्द्रीय शक्ति देशों के दो मित्र देश

अथवा

केन्द्रीय शक्ति के दो देश व तीन मित्र देश

Note : The following question is only for Blind Candidates in lieu of Q. No. 23.

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल नेत्रहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 23 के स्थान पर है।

Mention the names of three Neutral and two Allied countries of the Central powers in 1914.

OR


Two countries of the Central powers and three countries of Entente in 1914.

1914 में तीन तटस्थ देश तथा केन्द्रीय शक्ति के दो मित्र देशों के नाम का उल्लेख कीजिए।

अथवा

1914 में केन्द्रीय शक्ति के दो देश तथा मित्र राष्ट्र के तीन देश बताइए।

For Q. No. 12 **INDIA POLITICAL** प्रश्न सं. 12 के लिये



Based upon Survey of India Outline Map Printed in 1987.
The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate base line.
The boundary of Meghalaya on this map is as interpreted from the North-Eastern Areas (Reorganisation) Act. 1971. but has yet to be verified.
Responsibility for correctness of internal details shown on the map rests with the publisher. ©Government of India copyright 2001.

For Q. No. 23

EUROPE - OUTLINE

प्रश्न सं. 23 के लिये

